# नवाचार के लिए विकसित किए जाएं सेंटर आफ एक्सीलेंस

- मुख्यमंत्री योगी ने यूपी इनोवेशन फंड को लेकर की बैठक
- तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी में बनाए जाएं इनोवेशन सेंटर

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी को नवाचार (इनोवेशन) से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी-मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय गोरखपुर, डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ व हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में इनोवेशन सेंटर बनाए जाएं, जहां छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने वैश्विक और स्थानीय बाजार की मैपिंग कराने के निर्देश दिए ताकि वर्तमान आवश्यकता के अनुसार छात्र नवाचार को विकसित कर सकें।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को यूपी इनोवेशन फंड (यूपीआइएफ) को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि वर्तमान में तकनीक तेजी से बदल रही है। ऐसे में वैश्विक बाजार के अनुसार नवाचार को विकसित किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि नये नवाचार के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाए। तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी में नवाचार की आवश्यकता के अनुसार सेंटर की स्थापना की जाए। इसके लिए सरकार उन्हें धन उपलब्ध कराएगी। सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है जबकि युवाओं के पास नवाचार तो है, लेकिन पैसे की कमी है। ऐसे में यूनिवर्सिटी के माध्यम से छात्रों को फंड उपलब्ध कराया जाए। इससे आने वाले समय में नए नवाचार सामने आएंगे। इससे जहां प्रदेश का युवा आगे बढ़ेगा, वहीं प्रदेश का भी नाम रौशन होगा। उन्होंने वर्तमान आवश्यकता के अनुसार पुरानी ट्रेडों का आधुनिकीकरण करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (फाइल)

संबंधित खबर » 12